संख्या-11/381/47-का-3-2015-13/15/2006

प्रेषक,

राजीव कुमार
प्रमुख सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

सचिव
उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
पिकप भवन, गोमती नगर
लखनऊ।

कार्मिक अनुभाग-3 **लखनऊ : दिनांक : 16 फरवरी, 2015**

विषय- उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष, सदस्यगण, सचिव एवं अन्य अधिकारियों के कार्यालय एवं आवास पर बेसिक टेलीफोन स्थापित किया जाना।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आयोग के पत्र संख्या-136/नजारत-आयोग-1/2/2014, दिनांक 29.01.2015 के संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष, सदस्यगण, सचिव, परीक्षा नियंत्रक, वित्त नियंत्रक एवं उप सचिव के कार्यालय एवं आवास पर 26 बेसिक टेलीफोन स्थापित किए जाने के साथ-साथ कम्प्यूटर अनुभाग की स्थापना हेतु 04 बेसिक टेलीफोन अर्थात कुल 30 बेसिक टेलीफोन स्थापित किए जाने की, राज्यपाल महोदय, इस शर्त के साथ सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं कि उक्त कार्य पर होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2014-15 में मानक मद 13-टेलीफोन पर व्यय में उपलब्ध धनराशि से ही वहन किया जायेगा तथा उक्त मद में पुनर्विनियोजन के माध्यम से धनराशि की वृद्धि नही की जायेगी।

भवदीय

(राजीव कुमार)
प्रमुख सचिव।

संख्या-11/381(1)/47-का-3-2015-13/15/2006, तददिनांक-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1- महालेखाकार (लेखा एवं हकादरी) प्रथम, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
2- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
3- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2.
4- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-5.
5- वित्त (लेखा) अनुभाग-1/2.

आज्ञा से

(पी0बी0 सिंह)
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in